Seat No. : _______________

# JF-101 (H)

**June-2022**

**B.Com., Sem.-II**

**108 : Accountancy – II**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**निर्देश** : (1) खण्ड – **I** में सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
(2) खण्ड – **I** से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
(3) खण्ड – **II** में प्रश्न–**5** अनिवार्य है ।

**विभाग – I**

प्रश्न – **1** से प्रश्न – **4** तक किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. (A) ता. 1-4-2021 को श्री भाविन ₹ 1,60,000 की अंकित कीमत के 9% LIC बाँड रखते हैं जिसका खाता मूल्य ₹ 1,92,000 है । ब्याज प्रत्येक वर्ष 30 जून एवं 31 दिसम्बर को प्राप्य है । **10**
वर्ष के दौरान बाँड की खरीद एवं विक्रय निम्न हैं :

| तारीख | अंकित कीमत ₹ | बाजार भाव | अंकित कीमत पर दलाली | नोट |
|---|---|---|---|---|
| 01-06-21 | 80,000 | 105 | 1% | ब्याज सहित खरीदी |
| 01-10-21 | 1,20,000 | 108 | 2% | ब्याज सहित विक्रय |
| 16-01-22 | 80,000 | 102 | 1% | ब्याज बाद खरीदी |
| 16-03-22 | 1,60,000 | 105 | 2% | ब्याज बाद विक्रय |

निवेशित स्टॉक का मूल्यांकन FIFO पद्धति पर आधारित है । उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर 9% LIC बाँड खाता बनाइए ।

(B) निम्न का उत्तर दीजिए : **10**

(I) ता. 1-4-2021 को दिलीप के पास PNB के 12% डिबेन्चर जिनकी अंकित कीमत ₹ 3,00,000 एवं लागत मूल्य (खाता मूल्य) ₹ 3,12,000 है । ता. 1-5-2021 को उसने सभी डिबेन्चर को ₹ 106 (ब्याज रहित) में बेच दिया । ता. 1-6-2021 को उसने 12% PNB डिबेन्चर ₹ 1,00,000 के ₹ 103 (ब्याज सहित) में खरीदा । ब्याज प्रत्येक वर्ष 31 दिसम्बर को प्राप्य है । आवश्यक गणना दर्शाते हुए खरीद, विक्रय एवं ब्याज व्यवहारों से संबंधित जर्नल प्रविष्टियों को लिखिए ।

(II) ब्याज रहित (बाद) और ब्याज सहित पर एक टिप्पणी लिखिए ।

2. (A) ता. 30-9-2021को मै. यूक्रेन के गोदाम में आग लग गई । ₹ 1,60,000 के सिवाय पूरा माल, लेखा पुस्तकों सहित आग से नष्ट हो गया । शिवकाशी ने औसत खंड के आधार पर माल के लिए ₹ 6,00,000 का बीमा किया था । फर्म विक्रय पर औसतन 20% लाभ माल बेचकर कमाती है । विविध पार्टियों के पास से मिली जानकारी तथा पुराने रिकॉर्ड के आधार पर दावे की रकम की गणना कीजिए : **10**

| **विवरण** | **1-4-2021** | **30-9-2021** |
|---|---|---|
| स्टॉक | 4,40,000 | ? |
| देनदार | 1,90,000 | 2,10,000 |
| लेनदार | 70,000 | 1,50,000 |

| **ता. 1-4-21 से 30-9-21 तक के लेनदेन** | | | |
|---|---|---|---|
| देनदारों से प्राप्त नकद | 8,00,000 | व्यक्तिगत उपयोग के लिए माल लिया | 80,000 |
| लेनदारों को नकद भुगतान | 9,00,000 | नकद विक्रय | 5,90,000 |
| डूबत ऋण, अपलिखित | 1,20,000 | नकद खरीदी | 6,80,000 |
| लेनदारों से प्राप्त बट्टा | 20,000 | | |

अग्निशमन खर्च ₹ 20,000 हुआ ।

(B) निम्न का उत्तर दीजिए : **10**

(I) पारिणामिक पॉलिसी के अंतर्गत क्षतिपूर्ति समय 4 माह था, इसी दौरान विक्रय ₹ 1,50,000 था । गत वर्ष इसी समय के दौरान बिक्री ₹ 7,50,000 थी । गत वित्तीय वर्ष की बिक्री पर सकल लाभ की दर 12% थी । यह अनुमानित है कि पिछले वर्ष की तुलना में ब्याज 5% से बढ़ेगा । आग लगने की तारीख के तुरन्त 12 महीने की बिक्री पर लाभ की दर 15% थी । दावें की रकम ज्ञात कीजिए ।

(II) लाभ–हानि बीमा पॉलिसी पर एक टिप्पणी लिखिए ।

3. (A) श्री जिग्नेश एकल प्रविष्टि पद्धति पर अपनी हिसाबी किताबों को बनाते हैं । ता. 31-3-2022 को पूरे होते वर्ष के लिए उनकी हिसाबी किताबों से निकाली गई जानकारी के आधार पर वार्षिक लेखा बनाइए : **10**

(1) रोकड़ बही विवरण (₹)

| | | | |
|---|---|---|---|
| रोकड़ शेष (1-4-21) | 34,000 | रोकड़ विक्रय | 1,63,000 |
| वेतन भुगतान | 2,40,000 | रोकड़ खरीदी | 1,35,000 |
| विविध प्राप्तियाँ | 28,000 | लेनदारों को भुगतान | 12,24,000 |
| मजदूरी भुगतान | 1,00,600 | आहरण | 90,000 |
| सामान्य खर्चे | 60,400 | रोकड़ शेष (31-3-22) | 2,65,000 |

(2) परिसम्पत्तियों एवं दायित्वों से संबंधित विवरण :

| **विवरण** | **1-4-2021** | **31-3-2022** |
|---|---|---|
| मकान | 3,24,000 | 4,50,000 |
| फर्नीचर | 90,000 | 54,000 |
| मशीनरी | 4,50,000 | 4,50,000 |
| देनदार | 5,76,000 | 5,04,000 |
| लेनदार | 2,34,000 | 3,78,000 |
| स्टॉक | 3,60,000 | 4,80,000 |

वर्ष के दौरान बट्टा दिया ₹ 28,800, प्राप्त बट्टा ₹ 16,200, बिक्री वापसी ₹ 7,200 और खरीद वापसी ₹ 18,000, मकान और फर्नीचर पर मूल्यह्रास क्रमशः ₹ 26,800 एवं ₹ 6,000 हैं । मशीनरी का मूल्यह्रास 10% पर किया जाना है । देनदारों पर 5% से अशोध्य ऋण आरक्षित बनाइए । प्रारंभिक शेष पर 5% से पूँजी पर ब्याज की गणना कीजिए ।

(B) अंतर समझाइए : **10**

(I) स्थिति–दर्शक पत्रक एवं बैलेंस शीट

(II) शुद्ध एकल प्रविष्टि एवं प्रचलित एकल प्रविष्टि

4. (A) ता. 1-4-2022 को भाड़ा–क्रय पद्धति के आधार पर मै. शिवम ने मै. गणेश लि. से मशीन खरीदी । मै. शिवम ने अनुबंध पर दस्तखत करते समय ₹ 4,40,000 दिए एवं बाकी राशि चार अर्धवार्षिक किश्तों (10% प्रति वर्ष की वार्षिक ब्याज दर) में निम्न प्रकार देय है : **10**

| **तारीख** | **30-9-2022** | **31-3-2023** | **30-9-2023** | **31-3-2024** |
|---|---|---|---|---|
| **किशत (₹)** | 7,20,000 | 6,90,000 | 6,60,000 | 6,30,000 |

मै. शिवम घटती शेष पद्धति के आधार पर 10% की दर से ह्रास की गणना करते हैं । दोनों पार्टियाँ अपने खाते प्रति वर्ष 31, मार्च को बंद करती हैं ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर आवश्यक गणना दर्शाते हुए मशीनरी खाता एवं गणेश लि. का खाता, मै. शिवम के लेखा पुस्तकों में बनाइए ।

(B) निम्न का उत्तर दीजिए : **10**

(I) निलय लि. ने भाड़ा क्रय पद्धति के आधार पर AI सिस्टम, आशीष लि. से खरीदा । मशीन का नकद मूल्य ₹ 1,50,000 है । निलय लि. ने अनुबन्ध दस्तखत के समय ₹ 37,500 का भुगतान किया और शेष तीन वार्षिक किश्तों में प्रत्येक ₹ 45,000 ब्याज सहित चुकाए । प्रत्येक किश्त में ब्याज और मूल रकम की गणना कीजिए एवं निलय लि. की लेखा पुस्तकों में प्रथम वर्ष के लिए जर्नल प्रविष्टि लिखिए ।

(II) भाड़ा–क्रय पद्धति में रोकड़ कीमत और करार कीमत समझाइए ।

## खण्ड – II

5. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए : (कोई **पाँच**) : **10**

(1) ब्याज सहित निवेश की बिक्री के समय, पूँजी / लागत कीमत ________ होती है ।

(a) बिक्री कीमत + दलाली (b) बिक्री कीमत + ब्याज – दलाली

(c) बिक्री कीमत – ब्याज + दलाली (d) बिक्री कीमत – दलाली

(2) जानकारी के अभाव में, दलाली की गणना ________ पर की जाती है ।

(a) अंकित कीमत (b) बाजार कीमत (c) लागत कीमत (d) इनमें से कोई नहीं

(3) ता. 1-4-2021को 12% बाँड के निवेश के प्रारंभिक शेष की अंकित कीमत ₹ 80,000 और पूँजी कीमत ₹ 78,000 है । ता. 1-5-2021 को ₹ 2,00,000 के अंकित कीमत के बाँड ₹ 2,08,000 (ब्याज बाद) में खरीदे गए । यदि ब्याज 30 जून और 31 दिसम्बर को प्राप्य है, तो 30-6-2021 को 12% बाँड के निवेश पर प्राप्त ब्याज की राशि है –

(a) ₹ 17,160 (b) ₹ 16,800 (c) ₹ 12,800 (d) ₹ 13,000

(4) आग के लिए पारिणामिक नुकसान बीमा पॉलिसी ______ के विरुद्ध बीमा सुरक्षा देती है ।

(a) स्टॉक हानि (b) जीवन हानि (c) सम्पत्ति हानि (d) लाभ–हानि

(5) प्रारंभिक स्टॉक ₹ 30,000 है, आग की तारीख तक खरीदी ₹ 2,25,000 और बिक्री ₹ 3,15,000 है । आग से बचे माल का स्टॉक ₹ 4,125 है और लागत पर सकल लाभ दर 50% है, तो आग से जले माल की लागत ₹______ है ।

(a) 55,875 (b) 49,125 (c) 45,000 (d) 40,875

(6) क्षति–पूर्ति समय तीन माह है और इसके दौरान बिक्री ₹ 81,000 है । गत वर्ष इसी दौरान बिक्री ₹ 1,50,000 थी । वार्षिक बिक्री ₹ 6,00,000 और बिक्री में वृद्धि की दर 10% है, तो कम बिक्री की राशि है ₹ ________ ।

(a) 5,79,000 (b) 5,19,000 (c) 84,000 (d) 69,000

(7) उधार बिक्री ज्ञात करने के लिए कौन सा खाता बनाया जाता है ?

(a) लेनदार खाता (b) प्राप्ति एवं भुगतान खाता

(c) देनदार खाता (d) बैलेंस शीट

(8) उधार बाकी एवं जमा बाकी के संदर्भ में निम्न खातों में से कौन सा खाता अलग है ?

(a) माल खाता (b) मकान खाता (c) हुंडी देय खाता (d) मशीनरी खाता

(9) जब प्राप्य हुंडी, अस्वीकार्य होती है तो क्या प्रविष्टि की जाएगी ?

(a) लेनदार खाता उधार और प्राप्य हुंडी खाता जमा

(b) लेनदार खाता जमा और प्राप्य हुंडी खाता उधार

(c) लेनदार खाता उधार और देनदार खाता जमा

(d) लेनदार खाता जमा और देनदार खाता उधार

(10) भाड़ा–क्रय पद्धति में खरीदार परिसम्पत्ति खाता ______ होगा ।

(a) रोकड़ कीमत से उधार

(b) रोकड़ कीमत और ब्याज रकम से उधार

(c) रोकड़ कीमत से उधार और ब्याज की रकम से जमा

(d) इनमें से कोई नहीं

(11) कुल भुगतान योग्य राशि और रोकड़ कीमत के मध्य अंतर है _______

(a) ब्याज (b) मूल्यह्रास

(c) करार के समय देय राशि (d) खरीद कीमत

(12) भाड़ा क्रय पद्धति में रखरखाव उचंत लेखा कौन बनाता है ?

(a) खरीदार (b) विक्रेता (c) दोनों (d) उपरोक्त में से कोई नहीं